ont>

Title: Need to start work of conversion on meter-gauge rail line between Shyamkhali and Palanpur, Gujarat- Laid.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा): उपाध्यक्ष महोदय, श्यामखली से पालनपुर तक 133 किलोमीटर रेलवे मार्ग को मीटर गैज से ब्राड गैज लाईन में परिवर्तन करने हेतु भारत सरकार से स्वीकृत हो चुका है, किंतु अभी तक इस कार्य को शुरू नहीं किया जा सका है जबकि यह लाईन कई दृटियों से महत्वपूर्ण है। एक तो यह है कि कान्डला एवं मुन्द्रा बन्दरगाह से दिल्ली तक माल ढोने में परिवहन सुविधा सीधी मिलेगी। अभी यह माल अहमदाबाद होकर आता था, इससे एक तो समय भी कम लगेगा और परिवहन लागत में भी कमी होगी। इस कार्य से श्यामखली से पालनपुर के बीच में स्थित आदिवासी एवं पिछड़े क्षेत्रों के विकास में भी काफी सहायता मिलेगी। गुजरात सरकार इस संबंध में कई वर्ो से सरकार से अनुरोध करती आ रही है, परन्तु अभी तक उक्त कार्य में नाहक देरी हो रही है और इस नाहक देरी के कारण कार्य की लागत बढ़ रही है, जो राट्र हित में नहीं है।

सरकार से अनुरोध है कि श्यामखली से पालनपुर के बीच मीटर गैज से ब्राड गैज लाईन रेलवे लाईन में जल्द से जल्द बदलने का कार्य शुरू किया जाये।